# पूरी सार संभाल और सुरक्षा व्यवस्थाओं के साथ लगाये जाए पौधे : सिंघवी

**बीकानेर**,(कासं)। संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने कहा कि पूरी सार संभाल और सुरक्षा के साथ संभाग में व्यापक स्तर पर पौधारोपण करवाया जाए। सोमवार को विभिन्न विभागों के साथ आयोजित बैठक में सिंघवी ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक खाली स्थानों के साथ घरों में भी पौधारोपण हो। वन व अन्य संबंधित विभाग इस कार्य में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि संभाग में कुल 46 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। विभिन्न सरकारी विभागों और आमजन के सहयोग से व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जायेगा। जिला स्तरीय वन महोत्सव मरुधरा बायोलॉजिकल पार्क में आयोजित किया जायेगा। वन विभाग द्वारा बताया गया कि चारागाह विकास के तहत इस वर्ष घास का रोपण भी किया जायेगा।

विभिन्न सरकारी कार्यालयों में व्यापक पौधारोपण के निर्देश देते हुए संभागीय आयुक्त ने कहा कि सभी कार्यालय अपने परिसर में उपलब्ध खाली स्थान के अनुसार पौधारोपण करवाएं। शहर के समस्त मुख्य प्रवेश मार्गों पर पौधारोपण व सौन्दर्यकरण के लिए निगम, यूआईटी और सार्वजनिक निर्माण विभाग संयुक्त दौरा कर इस संबंध में विस्तृत प्लान 12 जुलाई तक प्रस्तुत करें। उन्होंने सड़कों के किनारे पड़ी निर्माण सामग्री, अतिक्रमण हटाने व साफ सफाई के भी निर्देश दिए।

संभागीय आयुक्त ने कहा कि सभी खुले नाले, सीवरेज चैम्बर, मैनहॉल आदि ढके हो यह सुनिश्चित करने के लिए निगम स्वच्छता निरीक्षकों से सर्वे करवाते हुए चैम्बर इत्यादि ढकवाने की कार्रवाई करें। मानसून की बारिश के मद्देनजर नालों की नियमित रूप से सफाई भी सुनिश्चित की जाए। निचले स्थानों पर जल भराव की स्थिति में निगम के अधिकारी फील्ड में एक्टिव रहें और किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई की जाए। नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्यरत रहे। जर्जर मकानों इत्यादि का सर्वे करवाया जाए और संबंधित को नोटिस जारी करें। उन्होंने अंडरपास में पानी भरने की स्थिति में संबंधित प्रशासनिक एजेंसी को तुरंत प्रभाव से बैरिकेडिंग करवाने के निर्देश दिए। सिंघवी ने कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए निगम के अधिकारी अतिरिक्त सतर्कता रखें और संबंधित एजेंसियों से समन्वय रखते हुए कार्य कर आमजन को राहत दें।

निगम के अधीक्षण अभियंता ललित ओझा ने बताया कि शहरी क्षेत्र में वल्लभ गार्डन, सराह नथानिया, सुजानदेसर में खाली पड़ी जमीन और ओटीएस कैम्पस में निगम द्वारा सघन वन क्षेत्र विकसित किए जायेंगे। बैठक में बीमारियों के नियंत्रण और रोकथाम के लिए किये गए उपायों की भी समीक्षा की गई। संभागीय आयुक्त ने एंटीलार्वा गतिविधियां सतत रूप से जारी रखने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ओमप्रकाश बिश्नोई, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मुकेश गुप्ता, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी राजेश शर्मा सहित वन, शिक्षा, कृषि, पशुपालन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, आबकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



**संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने पौधारोपण को लेकर वन विभाग के अधिकारियों की बैठक को संबोधित किया।**

- **संभागीय आयुक्त ने कहा कि सभी कार्यालय अपने परिसर में उपलब्ध खाली स्थान के अनुसार पौधारोपण करवाएं**
- **वन विभाग द्वारा संभाग में लगवाए जायेंगे 46 लाख पौधे**
- **जिला स्तरीय वन महोत्सव मरुधरा बायोलॉजिकल पार्क में आयोजित किया जायेगा**

## सुथार पुस्तकालय व ज्ञान केन्द्र का शुभारंभ

**बीकानेर**, (कासं)। सुथार समाज के सक्रिय राज्य स्तरीय संगठन श्रीविश्वकर्मा सुथार एकता फोर्स द्वारा शैक्षणिक स्तर को गति देने व होनहार बच्चो को प्रोत्साहन देने के तहत सुथार समाज पुस्तकालय अभियान के तहत सुथार समाज पुस्तकालय व ज्ञान केन्द्र का शुभारंभ किया गया।

पुस्तकालय के लिए भवन समाजसेवी झंवरलाल चुयल की ओर से संगठन को समर्पित किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता चौरू लाल सुथार ने अवगत कराया कि पुस्तकालय में पुस्तकों, अखबार व कंप्यूटर्स सहित सामग्री संगठन द्वारा उपलब्ध करवाई गई है। संगठन के स्वयंसेवक भोमराज सुथार ने सभी का स्वागत करते हुए मिशन का परिचय दिया। इस कार्यक्रम में रामगोपाल सुथार, अध्यक्ष श्रीविश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड व बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास की उपस्थिति रही।

व्यास ने बताया कि संगठन का शानदार प्रयास है कि शिक्षा जीवन का मूल आधार है। पुस्तकालय एक शानदार कदम है। सुथार समाज के हर काम मे वो तैयार रहेंगे।

रामगोपाल सुथार ने बताया कि सुथार समाज मे संगठन शिक्षा, चिकित्सा व रक्तदान में शानदार कार्य कर रहा है। आज यह कदम आने वाले दिनों में युवाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

## सार-समाचार

### संगीत कार्यक्रम में गूंजे सुरीले गीत



**गीत एवं संगीत कार्यक्रम में गीतों की प्रस्तुति देते स्थानीय कलाकार।**

**बीकानेर**,(कासं)। श्री विश्वकर्मा नाट्य संगीत कला संस्थान बीकानेर द्वारा संध्या को स्थानीय टाउन हॉल में 'किसी राह में किसी मोड़ पर कहीं चल न देना छोड़ कर...' गीत एवं संगीत कार्यक्रम में सदाबहार हिन्दी फिल्मों के नये पुराने सुरीले गीत गूंजे। संस्था के अध्यक्ष और कार्यक्रम आयोजक मेघराज नागल ने बताया कि मेरे अलावा यहां के स्थानीय कलाकारों के द्वारा सदाबहार हिन्दी फिल्मों के गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वन्दना का गीत एवं मां सरस्वती के तेल चित्र पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैंक कर्मचारी नेता सुनील दत्त नागल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नारायण बिहाणी, डॉ मीना आसोपा, विशिष्ट अतिथि पूर्व पार्षद सुनील बांठिया, पार्षद शांतिलाल मोदी, समाजसेवी सुशील यादव, एडवोकेट सुरेश ओझा, समाजसेवी दिनेश अग्रवाल, नंदकिशोर मूंड, अयोध्या प्रसाद शर्मा, सैय्यद अख्तर, गिरधारी लाल मोदी के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर स्थानीय गायक कलाकार मेघराज नागल, रवि भल्ला, उदय सिंह, कमलकांत सोनी, रामकिशोर यादव, सुनील दत्त नागल, राजेन्द्र बोथरा ,पवन चड्ढा, ओलिवर नानक, कौशल शर्मा, सुमन सोलंकी, राजेश सांखला, पूनम सियोता,गौतम चांवरिया सहित आदि कलाकारों ने अपनी अपनी स्वर लहरियां बिखेरी। कार्यक्रम का मंच संचालन रवि भल्ला ने किया।

### मंदिर परिसर में पौधारोपण



**अक्षय सेवा समिति व पोकरमल राजरानी गोयल चैरिटेबल ट्रस्ट के नेतृत्व में पौधारोपण किया।**

**बीकानेर**,(कासं)। अक्षय सेवा समिति व पोकरमल राजरानी गोयल चैरिटेबल ट्रस्ट के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हरित भारत योजना 'एक पौधा मां के नाम' के आव्हान के तहत पवनपुरी स्थित शिव शक्ति मंदिर परिसर में पौधारोपण कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. नरेश गोयल ने कहा कि मानव, जीव-जन्तु के लिए बढते तापमान और घटते जल स्तर के लिए वृक्षारोपण हर मानव के लिए प्रथम कर्तव्य है। विशिष्ट अतिथि डॉ. पूजा मोहता ने अपने उद्‌बोधन मे कहा कि वर्तमान समय में शरीर को बचाए रखने में पेड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने आव्हान किया कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण सुरक्षित व संरक्षित करें। सौजन्यदाता किरण कुमार मूंधड़ा ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मोहनलाल, ओम नारायण लखाणी चैरिटेबल ट्रस्ट, नापासर द्वारा निशुल्क पौधे प्रदान करने के लिए उनका साधुवाद प्रकट करते हैं। कार्यक्रम में पूर्णचन्द राखेचा, बालकृष्ण खन्ना, राजेन्द्र पाहुजा, विजय थिरानी सहित अन्य गणमान्यों ने इस सेवा कार्य में अपना सहयोग प्रदान किया।

### उत्तर मैट्रिक छात्रवृति आवेदन 31 तक

**बीकानेर**,(कासं)। शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए उत्तर मैट्रिक छात्रवृति हेतु विद्यार्थियों द्वारा पेपरलेस ऑनलाइन आवेदन पत्र पंजीकरण कर आवेदन पत्र भरने तथा शिक्षण संस्थाओं द्वारा नवीन पंजीयन या पूर्व पंजीकृत की मान्यता एवं पाठ्‌यक्रमवार फीस स्ट्रक्चर अपडेट करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल.डी. पंवार ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में राजस्थान के मूल निवासियों के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विशेष समूह योजना पूर्व में विशेष पिछड़ा वर्ग अन्य पिछडा वर्ग, आर्थिक पिछडा वर्ग, विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु , मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनाओं में राज्य की राजकीय एवं निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं एवं राज्य के बाहर की राजकीय राष्ट्रीय स्तर की मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के पाठ्‌यक्रमों में प्रवेशित या अध्ययनरत शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों द्वारा वेबसाइट अथवा एसएसओ पोर्टल पर अथवा मोबाइल के माध्यम से अब 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आवेदन पत्र भरने से पूर्व संबंधित विद्यार्थी को जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, आय घोषणा पत्र एवं अन्य आवश्यक जानकारी जनाधार पोर्टल पर अपडेट करवानी होगी। योजना से संबधित नियम व दिशा-निर्देश विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि महाविद्यालयों को संबंधित विश्वविद्यालय से शैक्षणिक सत्र 2023-24 की मान्यता या सम्बद्धता एवं पाठ्‌यक्रम संचालन की अनुमति भी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अथवा अपडेशन निर्धारित अवधि में अवश्य करवानी होगी। जिससे छात्रवृति पोर्टल पर विद्यार्थियों के शिक्षण संस्थाओं का नाम प्रदर्शित हो सकेगा।

# पेट्रोल पम्प पर लूट का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

**हनुमानगढ़**,(कासं)।अबोहर बायपास पर सदर थाने के निकट स्थित पेट्रोल पम्प से देर रात हजारों रूपयों की नकदी लूट की वारदात का पुलिस ने 12 घंटे के भीतर ही खुलासा कर दिया। लूट के आरोप में गिरफ्तार चारों आरोपी ही श्रीगंगानगर जिले के लालगढ़ तथा चूनावढ़ थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

चारों आरोपियों ने हनुमानगढ़ में लूट करने से पहले डबवाली रोड स्थित पेट्रोल पम्प को निशाना बनाया। वहां लूट के बाद हनुमानगढ़ में वारदात को अंजाम दिया और श्रीगंगानगर की तरफ रवाना हो गए। पुलिस आरोपियों से लूट की अन्य वारदात आदि को लेकर पूछताछ में जुटी हुई है। एसपी विकास सांगवान ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि लूट के आरोप में रोशन सिंह पुत्र इकबाल, प्रतीक कुमार पुत्र राकेश जाट व मुकेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश सुथार निवासी तीनों चक 16 एसपीएम, गोधूवाली ढाणी, पीएस लालगढ़ जिला श्रीगंगानगर तथा मनदीप सिंह पुत्र मुखराम बाजीगर निवासी गांव बख्तावाली, पीएस चूनावढ़ जिला श्रीगंगानगर को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पेट्रोल पम्प के कर्मचारी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया है। चारों आरोपियों ने हरियाणा में डबवाली रोड स्थित पेट्रोल पम्प पर भी लूट की वारदात अंजाम दी। आरोपियों का पुलिस रेकार्ड खंगाला जा रहा है।

पुलिस के अनुसार सुरेश कुमार पुत्र बाबूलाल सोलंकी निवासी वार्ड 54, सेक्टर छह जंक्शन ने रिपोर्ट दी कि वह बायपास स्थित शंकर पेट्रोल पम्प पर सेल्समैन है। वह, अशोक कुमार पुत्र मदनलाल यादव तथा भरत सिंह तीनों रात पेट्रोल पम्प थे। रात करीब तीन बजे वह पम्प के ऑफिस के बाहर खड़ा था। जबकि अशोक यादव बाहर व भरत सिंह ऑफिस में सो रहा था। करीब तीन बजे सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार ग्रेफ चौराहे की तरफ से आई। गाड़ी के कोई नंबर प्लेट नहीं थी। कार से तीन जने उतरे जिनके मुंह साफे से ढके हुए थे। उनके पास एक पिस्तौल, एक कापा, लोहे की पाइप आदि हथियार थे।

आरोपियों ने उसे घेरकर जान से मारने की धमकी देते हुए गल्ले की चाबी मांगी। आरोपियों ने पम्प पर सो रहे अशोक व भरत सिंह को भी उठाया और गल्ले में रखी तेल बिक्री के 41,500 रूपए निकाल लिए। जाते समय आरोपी अशोक, भरत तथा कार्यालय का मोबाइल फोन भी उठाकर ले गए।

- **अबोहर बायपास पर सदर थाने के निकट स्थित पेट्रोल पम्प पर देर रात हुई लूट की वारदात**

## डेंगू रोकथाम अभियान 31 तक

**श्रीगंगानगर**, (कासं)। मौसमी बीमारियों और डेंगू रोकथाम को लेकर जिले में डेंगू रोकथाम अभियान शुरू किया गया है। एक जुलाई से शुरू हुआ यह अभियान 31 जुलाई तक चलेगा ताकि डेंगू फैलने से रोका जा सके।

सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि राज्यस्तरीय निर्देशानुसार जिले में एक जुलाई से डेंगू रोकथाम माह मनाया जा रहा है। इस दौरान मानसून एवं प्री मानसून में फैलने वाले डेंगू को रोकथाम के लिए व्यापक गतिविधियां की जायेगी। इसके लिए सामान्य जन को जागरूक करने के साथ ही बच्चों को स्कूलों में जागरूक किया जायेगा। इसके साथ ही अन्य विभागों के साथ समन्वय कर डेंगू रोकथाम के हर संभव प्रयास किए जायेंगे। इसके लिए सभी खंड को पाबंद किया गया है।

वहीं लगातार एंटी लार्वा गतिविधि भी करवा रहा है। आशा सहयोगिनियां व एएनएम इस कार्यक्रम में अहम भूमिका निभा रही हैं। वे भीषण गर्मी के बावजूद दूर-दराज के कस्बों, मोहल्लों में पहुंचकर एंटीलार्वल व जागरूकता गतिविधियां कर रही हैं।

# लिफ्ट देकर महिला से की लूटपाट की वारदात

**बीकानेर**,(कासं)। लिफ्ट देने के नाम पर एक महिला के साथ लूटपाट की वारदात सामने आई है। परिवादिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है।

पुलिस के अनुसार पिथरासर गांव निवासी 67 वर्षीया बिरमा देवी पत्नी भंवरलाल बिश्नोई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मैं मेरी बेटी से मिलने के लिए बस से बीकानेर के श्रीगंगानगर चौराहे पर उतरी तो मेरे पास एक व्यक्ति आया और मुझे कहा कि मैं आपके दामाद को जानता हूं और मैं आपको वहां छोड़ दूंगा। इस पर मैं उसकी मोटरसाइकिल पर बैठ गई। रास्ते में आरोपी ने मोटरसाइकिल रोक कर मुझे धक्का दे दिया और मेरा मोबाइल व बैग में रखे पांच हजार रूपए छीन कर भाग गया।

मैं जैसे-तैसे वापस वहां से गंगाशहर पेट्रोल पंप पहुंच गई। जहां मुझे ढूंढते हुए मेरे दामाद भी पहुंच गए तो मैंने आपबीती बताई।

**सोने-चांदी के जेवर हड़पे :** बीकानेर नयाशहर थाने में सोने-चांदी के जेवरात हड़पने के आरोप में दो महिलाओं सहित चार जनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार परिवादिया तेलीवाड़ा चौक निवासी हाल आशा नगर थाणे, मुंबई निवासी इन्दु छंगाणी पत्नी नटवर लाल छंगाणी ने इस्तगासे के जरिये रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अरोपियों ने षडयंत्र रचकर मेरे अमानत स्वरूप दिए हुए सोने व चांदी के जेवरात हड़प लिए। पुलिस ने परिवादिया की रिपोर्ट पर नत्थूसर गेट निवासी ललित कुमार ओझा पुत्र मुरली ओझा, चित्रा ओझा, सोनू पत्नी ललित, लखन जोशी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- **बेटी से मिलने जा रही महिला को लिफ्ट देकर रास्ते में धक्के से गिरा बैग लेकर पार**

# कसाईयों की बारी में दो पक्षों में पथराव

**बीकानेर**,(कासं)। बीकानेर के कसाईयों की बारी क्षेत्र में बीती देर रात दो पक्षों के बीच हुई पत्थरबाजी के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। ऐहतिहात के तौर पर मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कसाईयों की बारी में एक चौकी को लेकर दो पक्षों के बीच लम्बे समय से विवाद चल रहा है। देर रात को एक ही समुदाय के दो पक्ष के लोग आमने-सामने हो गए तथा एक-दूसरे पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। पत्थरबाजी के दौरान कुछ लोगों को चोटें भी आई है। घटना की जानकारी मिलने के साथ कोतवाली थाना के एसएचओ परमेश्वर सुथार मौके पर पहुंचे।

कोटगेट व नयाशहर थाना पुलिस को भी मौके पर बुला लिया गया और देखते ही देखते पूरा क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। मौके पर पुलिस ने दो पक्षों के लोगों से समझाइश कर मामले को शांत करवाया। दोनों पक्षों को लेकर बीती देर रात कोतवाली थाने में वार्ताओं का दौर चला।

- **कसाईयों की बारी में एक चौकी को लेकर दो पक्षों के बीच लम्बे समय से विवाद चल रहा है**
- **माहौल तनावपूर्ण होने से ऐहतिहात के तौर पर मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया**

## प्रवेश उत्सव में नामांकन बढ़ाने के निर्देश

**श्रीगंगानगर**,(कासं)। जिला कलेक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में सोमवार को शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रवेश उत्सव के दौरान नामांकन बढ़ाने के लिए विभागीय अधिकारी गंभीरतापूर्वक प्रयास करें।

उन्होंने कहा कि मानसून सत्र के दौरान समस्त अधिकारी और कर्मचारी पौधारोपण महाभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। 31 जुलाई तक अधिक से अधिक पौधारोपण करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि इनकी सार-संभाल की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित की जाए। मिड-डे-मील की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि खाद्यान्न की कमी नहीं रहें, इसके लिए समुचित व्यवस्थाएं की जाएं।

# छतरगढ़ से रायसिंहनगर तक नेशनल हाईवे पर गंदगी के ढेर

**बीकानेर**,(कासं)। यहां भारतमाला नेशनल हाईवे 911 के पूगल से छतरगढ़ वाया रायसिंहनगर तक के हिस्से की हालत खराब है। आवासीय क्षेत्रों या गांवों से गुजरने वाले हिस्से में दोनों तरफ पानी निकासी के लिए बनाए नाले कचरे व मिट्टी से अटे पड़े है।

इससे बरसाती पानी की निकासी सड़क से नहीं हो रही है। इसी के साथ सड़क के इस पूरे हिस्से पर जगह-जगह कचरे के ढेर, अपशिष्ट आदि के ढेर लगे पड़े है। जिनमें मुंह मारने के लिए कुत्ते और पशु सड़क पर घूमते रहते है। जो सड़क हादसों का कारण बन रहे है। टोल कम्पनी सड़क के रखरखाव, साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। उनका जोर केवल टोल वसूली पर है।

भारतमाला सड़क परियोजना तहत पूगल-रायसिंहनगर तक करीब 172 किलोमीटर तक पीपीपी मोड के तहत निर्मित है। सड़क के रखरखाव का काम टोल कम्पनी को सौंप रखा है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी की अनदेखी के चलते टोल कम्पनी अनुबंध के अनुसार अपने दायित्वों को पूरा नहीं कर रही है। सड़क की साफ-सफाई नहीं करने से इसके दोनों तरफ कचरे के ढेर जमा हो गए है। छतरगढ़ समेत कस्बों और मार्केट वाले बड़े गांवों के पास सड़क पर दिनभर वाहनों की आवाजाही से रेत व कचरा उड़ता रहता है। इससे व्यापारी, राहगीर परेशान है।

सड़क के किनारे बने जल निकासी नाला भी रेत व कचरे से अटे पड़े है। बरसात के दौरान पानी नाले से निकासी की जगह सड़क पर फैलता है। इस पर कचरा तैरता रहता है। सड़क किनारे कचरे के ढेर में रात के समय आवारा पशु एकत्रित हो जाते है। ऐसे में पशुओं के अचानक सड़क पर आने से वाहन दुर्घटनाग्रस्त होते है। आवा चौराहे पर स्थित काली माता मंदिर आगे बरसात के दौरान नाले का गंदा पानी जमा हो जाता है।

- **सड़क किनारे बने जल निकासी नाला भी रेत व कचरे से अटे पड़े हैं**
- **बरसात के दौरान नाले से पानी का निकास नहीं होने से सड़क पर फैलता रहता है**

# प्रधानमंत्री बनने का नेहरू का रिकॉर्ड चाय बेचने वाले मोदी ने तोड़ा : मेघवाल

**बीकानेर**,(कासं)। भारतीय जनता पार्टी बीकानेर शहर मतदाता अभिनंदन विजय संकल्प यात्रा का आयोजन आज भाजपा संभाग कार्यालय में जिलाध्यक्ष विजय आचार्य की अध्यक्षता में रखी गई। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं का बीकानेर सांसद एवं केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत कर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का नेहरू का रिकॉर्ड चाय बेचने वाले मोदी ने तोड़ा इसलिए कांग्रेस आज विचलित है। कांग्रेस को 543 में से 99 सीट मिली है पर कांग्रेस के युवराज को लग रहा है 100 में से 99 सीट मिली है। कांग्रेस ने हमेशा भ्रम फैलाने का काम किया। आरक्षण जैसे कई मुद्दों पर कांग्रेस ने भ्रमित किया पर मैं बीकानेर की जनता का आभार जताता हूं। बीकानेर की जनता इन कांग्रेसी टूलकिट का शिकार नहीं हुए और चौथी बार मुझे लोकतंत्र में मंदिर लोकसभा में भेजा। इसके लिए आपका धन्यवाद और आभार व्यक्त करता हूं।

गीत के माध्यम से बीकानेर की जनता और कार्यकर्ताओं को कहा आप मेरे नारायण है। इस अवसर पर भाजपा शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य, विधायक सिद्धि कुमारी, जेठानंद व्यास, लोकसभा संयोजक सत्यप्रकाश आचार्य, विधानसभा संयोजक गोपाल गहलोत, जे.पी.व्यास, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य मुमताज अली भाटी, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर सिंह चारण, पूर्व जिलाध्यक्ष शशि शर्मा ने संबोधन कर आभार जताया। इस अवसर पर महामंत्री मोहन सुराणा, श्यामसुंदर चौधरी, नरेश नायक, उपाध्यक्ष विजय उपाध्याय, हनुमान सिंह चावड़ा, आनंद सिंह भाटी, बाबूलाल गहलोत, जितेंद्र रजवी, दीपक पारीक, मंत्री मनीष सोनी, कौशल शर्मा आदि मौजूद थे।



**बीकानेर सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने मतदाताओं का अभिनंदन कर आभार जताया।**

- **भाजपा को जिताने पर कार्यकर्ताओं व आमजन का आभार जताया**

# बच्चों को नशे से बचाने के लिए पुलिस ने कमर कसी

**बीकानेर**, (कासं)। नशा युवाओं के भविष्य को गर्त में डाल रहा है। युवाओं को नशे से बचाने के लिए अब शिक्षक, छात्र, अभिभावक और पुलिस विभाग एकजुट हो गए हैं। नशे के कारोबार को रोकने के लिए पुलिस विभाग ने कमर कस ली है।

पुलिस के सावधान अभियान के तहत नशे को कारोबार को खत्म करने एवं युवाओं को उबारने का काम शुरू हो गया है। जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम की पहल पर पहली बार पुलिस नशे के खिलाफ अभिभावकों की मदद ले रही है। अब पुलिस के साथ-साथ हर बच्चे व युवा के माता-पिता की जिम्मेदारी होगी कि वे बच्चे को नशे से दूर रखें। पुलिस छात्रों व युवाओं के साथ-साथ अभिभावकों की मदद लेगी।

नशे से युवा पीढ़ी को बचाने के लिए पुलिस हरसंभव प्रयास कर रही है। पिछले दिनों बीकानेर रेंज पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश ने स्कूल-कॉलेज एवं विवि स्तर पर स्टूडेंट्स अगेंस्ट ड्रग्स टीम बनाई, जिसमें स्कूल के मेधावी विद्यार्थी व शिक्षकों को शामिल किया गया। टीमें स्कूल के अंदर नशे या उससे संबंधित गतिविधियों पर निगाह रख रही है। अब बीकानेर जिले में पुलिस विद्याार्थियों, युवाओं के साथ-साथ उनके अभिभावकों को नशे के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार कर रही है। यह सब सावधान अभियान के तहत किया जा रहा है।

बीकानेर रेंज में पिछले साढ़े तीन साल के आंकड़े बेहद चिंतनीय है। नशे का कारोबार करने वालों में युवा वर्ग की संलिप्तता बढ़ रही है। अब नशा बेहद आसानी से उपलब्ध हो रहा है। गली-मोहल्ले में खुलेआम चाय-थड़ी, दुकानों, होटल-ढाबों पर नशा बिक रहा है। हालात यह है कि अब जिलेभर में डोडा-पोस्त, गांजा के अलावा स्मैक व एमडीएम का नशा अधिक बिक रहा है।

जिला पुलिस ने वर्ष 2021 से जून, 24 तक 59 बड़े मादक पदार्थ तस्करों को पकड़ा। पिछले साढ़े तीन साल में जिला पुलिस करीब 13 करोड़ से अधिक का मादक पदार्थ जब्त कर चुकी हैं। पुलिस नशा तस्करी में करोड़ों के वाहन जब्त कर चुकी है।

तेजस्विनी गौतम, पुलिस अधीक्षक का कहना है कि सावधान अभियान का उद्देश्य बच्चों व युवा वर्ग को नशे से बचाना है। पुलिस ने अब तक 4 हजार से अधिक अभिभावकों को अभियान से जोड़ा है। नशे की सूचना के लिए पुलिस ने एक हैल्पलाइन शुरू कर रखी है। इस हैल्पलाइन में अब तक 108 सूचना मिली, जिसमें से 30 की पुष्टि नहीं हुई। 78 सूचनाएं संबंधित थाना पुलिस को भेजी गई, जिसमें से 10 में सफल कार्रवाई हो चुकी है जबकि 68 जांच में चल रही है।